प्रादेशिक समाचार
दिनांक–01.10.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

- पूरे राज्य में भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जा रहा नवरात्र, आज देवी दुर्गा के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री की हो रही आराधना, कन्या पूजन का सिलसिला जारी।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने निवर्तमान मुख्य सचिव अलका तिवारी को राज्य का निर्वाचन आयुक्त बनाने की घोषणा की, नये मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने पदभार संभाला।
- प्रदेश भाजपा ने सारंडा जंगल में अवैध खनन का लगाया आरोप, उच्चस्तरीय जांच की मांग की, कांग्रेस और झामुमो ने आरोपों को बताया बेबुनियाद।
- बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव का असर आज से झारखंड में दिखेगा, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक हल्की से भारी बारिश का जताया पूर्वानुमान।
- 64वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न, रेलवे स्पोर्ट्स 274 अंकों के साथ बना ओवर ऑल विजेता।

*******************

झारखंड समेत देश के विभिन्न हिस्सों में आज दुर्गा नवमी मनायी जा रही है। यह नवरात्रि उत्सव के नौवें और अंतिम दिन के रूप में मनाई जाती है। इस अवसर पर भक्त देवी दुर्गा के नौवें और अंतिम स्वरूप, माँ सिद्धिदात्री की पूजा कर रहे हैं। वहीं कन्या पूजन का अनुष्ठान भी किया जा रहा है। इधर खूंटी में नवरात्र के मौके पर पहली बार आयोजित गंगा आरती और दुर्गा आरती का आयोजन किया गया। बनारस से कौशल मिश्रा के नेतृत्व में आयी पंडितों की सात सदस्यीय टीम ने गंगा आरती और दुर्गा आरती संपन्न करायी।

*******************

राज्य सरकार ने मुख्य सचिव पद से सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अलका तिवारी को राज्य के निर्वाचन आयुक्त के पद पर नियुक्त करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री श्री सोरेन निवर्तमान मुख्य सचिव अलका तिवारी के सेवानिवृत्त होने पर आयोजित विदायी समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने निवर्तमान मुख्य सचिव अलका तिवारी और नये मुख्य सचिव अविनाश कुमार को शुभकामनाएं दी।

बता दें कि पूर्व मुख्य सचिव डीके तिवारी के कार्यकाल समाप्त होने के बाद से राज्य निर्वाचन आयुक्त का पद खाली पड़ा हुआ था।

*******************

भाजपा ने राज्य की गठबंधन सरकार पर सारंडा जंगल के आयरन ओर का जमकर दोहन करने का आरोप लगाया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि इससे पूरे क्षेत्र का पर्यावरण संतुलन बिगड़ गया है। उन्होंने सारंडा जंगल में अवैध खनन की उच्चस्तरीय जांच की मांग की।

वहीं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि सारंडा जंगल में अवैध खनन के भाजपा के आरोप भ्रामक, राजनीति से प्रेरित और तथ्यहीन हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने मंत्रियों की एक कमेटी बनाई है जो इसपर कार्रवाई कर रही है। इसलिए इस मुद्दे को राजनीतिक रूप देना उचित नहीं है।

वहीं झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा बोलकर जनता को गुमराह कर रही है। हेमंत सरकार के मंत्री समूह ने सारंडा में सामाजिक–आर्थिक अध्ययन कार्य शुरू कर दिया है, ताकि सारंडा की जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र सुरक्षित रहे।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव 22 सितम्बर से शुरू हुआ और यह समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है।

*******************

झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण– एनजीटी के आदेश का पालन नहीं करने के कारण पांच हजार रुपये का जुर्माना देना पड़ा है। यह मामला बेरमो के महुवाटांड़ में अवैध बालू उठाव से जुड़ा है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

खूंटी जिले के तपकरा थाना क्षेत्र के कमड़ा सेमरटोली गांव से एक डेढ़ वर्ष की मासूम बच्ची मनीषा कुमारी रहस्यमय ढंग से लापता हो गई है। जानकारी के अनुसार कल शाम मनीषा घर के आंगन में खेल रही थी, कुछ ही देर बाद जब मां आंगन में पहुंची तो बच्ची गायब थी। परिजनों और ग्रामीणों ने आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की। इसके बाद भी बच्ची का कोई सुराग नहीं मिल सका। परिजन बच्ची की गुमशुदगी की थाना में आज शिकायत करेंगे।

*******************

रांची जिला प्रशासन विजयादशमी के मौके पर रावण दहन कार्यक्रम को सुरक्षित माहौल में आयोजित करने में जुटा हुआ है।

*******************

विजयदशमी के मौके पर रांची के एचईसी स्थित शालीमार मैदान में 2 अक्टूबर को रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी करेंगे। रावण दहन समारोह समिति के मुख्य संरक्षक आलोक दुबे ने इसकी जानकारी दी।

*******************

बंगाल की खाड़ी के मध्य भाग में निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है, जिसका प्रभाव झारखंड में पड़ेगा। मौसम वैज्ञानिक सतीश चंद्र मंडल ने बताया कि एक अक्टूबर को दोपहर के बाद मौसम में बदलाव दिखना शुरू हो जाएगा, जबकि 2 अक्टूबर से तीन अक्टूबर के बीच राज्य के करीब 12 जिलों में भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान वज्रपात और 30–40 किमी की रफ्तार से तेज हवा भी चलने की संभावना है। इसका प्रभाव चार अक्टूबर तक रहेगा।

*******************

27 से 30 सितम्बर तक बिरसा मुंडा स्टेडियम, मोराबादी, रांची में आयोजित 64वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन रेलवे स्पोर्ट्स एवं एस एस सी बी के बीच काटे की टक्कर रही, जिसमें रेलवे स्पोर्ट्स ओवर ऑल विजेता बना। विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि शेखर जमुआर, सूची सिंह, डॉ. सरोजनी लकड़ा, शिवेंद्र नाथ दुबे, श्री संदीप सरकारिया, शिवेंद्र कुमार, रजनीश कुमार ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

*******************

अखबारों की सुर्खियां–

राज्य के लगभग सभी अखबारों ने वरिष्ठ आइ ए एस अधिकारी अविनाश कुमार के मुख्य सचिव बनाये जाने और निवर्तमान मुख्य सचिव अलका तिवारी को निर्वाचन आयोग की आयुक्त बनाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा

प्रभात खबर की सुर्खी है– सारंडा पहुंचे मंत्रियों से ग्रामीणों ने कहा– जनवरों की चिंता है, लेकिन लोगों की नहीं।

हिन्दुस्तान ने एशिया कप ट्रॉफी पर लिखा है– बीसीसीआई ने कप की ट्रॉफी मांगी, नकवी न देने पर अड़े।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– 10 दिन में बालू एक हजार रूपये महंगा, रांची में पांच हजार पांच सौ में मिल रहा एक सौ सीएफटी बालू।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– 734 करोड़ के जीएसटी घोटाले में अमित गुप्ता की 15 करोड़ 41 लाख की संपत्ति जब्त।

अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने बिहार में मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

*****************